प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय तटरक्षक एवं श्रीलंका तटरक्षक के बीच उच्चस्तरीय बैठकः 03-05 जनवरी 17

1. रियर एडमिरल सामन्था विमलतुंगे, आर डब्ल्यू पी, यू एस पी, एमएससी (डीएस) एमजीटी, एमए (एसएसएस), एमएससी (एनएस एवं डब्ल्यूएस), महानिदेशक श्रीलंका तटरक्षक (एसएलसीजी) के नेतृत्व में तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने भारतीय तटरक्षक के साथ उच्चस्तरीय बैठक करने हेतु 03 से 05 जनवरी 17 तक भारत का दौरा किया । महानिदेशक राजेन्द्र सिंह, पीटीएम, टीएम, महानिदेशक भारतीय तटरक्षक ने भारतीय प्रतिनिधिमण्डल का नेतृत्व किया । यह दौरा, भारतीय तटरक्षक एवं श्रीलंका तटरक्षक के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु दोनों देशों की सरकारों द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों तथा पारस्परिक हितों से संबंधित समुद्री मुद्दों पर हुई चर्चा के अनुसरण में सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने के क्रम में था ।

2. 04 मार्च 2010 में हुई श्रीलंका तटरक्षक की स्थापना, इस क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने में नई वैश्विक सुरक्षा शासन व्यवस्था को प्रस्तुत करती है । दोनों संगठनों के बीच जारी संबंधों को गति प्रदान करने के दृष्टिकोण से, हाल का ये दौरा महत्वपूर्ण है । संक्रियात्मक स्तर पर खोज एवं बचाव, समुद्री पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण, दोनों तटरक्षकों के बीच संक्रियात्मक एवं दूरसंचार कार्यविधियों को पुनः सत्यापित करने में पारस्परिक प्रभाव को और मजबूत करना, बैठक के प्रमुख विषय थे ।

3. दौरे में, श्रीलंका तटरक्षक प्रतिनिधिमण्डल ने रक्षा सचिव से मुलाकात के साथ-साथ पारस्परिक समुद्री हितों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा भी की।

4. उच्चस्तरीय चर्चा में, सुरक्षा से संबंधित विस्तृत श्रेणी के मुद्दों को सुलझाने में सहयोगात्मक दृष्टिकोण विकसित करने तथा मछुवारों की रिहाई/स्वदेश वापसी से संबंधित नियमों को सरल करने की पारस्परिक सहमति बनाई गई।